देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 27.12.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न योजनाओं के चार हजार दो सौ चौबीस लाभार्थी श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 12 करोड़ 89 लाख 85 हजार रूपये की धनराशि हस्तान्तरित की।
- पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने चम्पावत स्थित चाय बागान का निरीक्षण कर चाय पर्यटन सर्किट की प्रगति का जायजा लिया।
- और... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

**राष्ट्रीय सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। वे कल भी सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। शुक्रवार से आरंभ तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर सतत बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना है।

**धनराशि हस्तान्तरित**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के चार हजार दो सौ चौबीस लाभार्थी श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 12 करोड़ 89 लाख 85 हजार रूपये की धनराशि हस्तान्तरित की। मुख्यमंत्री ने आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए राज्य के 191  कॉमन सर्विस सेन्टर में श्रमिकों की सहायता के लिए विशेष व्यवस्था का भी शुभारंभ किया, जिससे श्रमिकों को योजनाओं से संबंधित जानकारी, पंजीकरण तथा अन्य सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों की हर समस्या का निस्तारण कर रही है। साथ ही श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनके माध्यम से उन्हें आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक संरक्षण तथा सम्मानजनक जीवन प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक राज्य के विकास की सबसे मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा राज्य सरकार का दायित्व है कि जो लोग प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं उनका एवं उनके परिजनों का भविष्य भी सुरक्षित हो।

**मंथन**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महिलाओं ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार के बल पर अपने परिवार समाज और प्रदेश को आगे बढ़ाया है। महिलाएं राज्य की आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारी तू नारायणी के मंत्र के साथ मातृशक्ति के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रहे है। ये बात मुख्यमंत्री ने आज मुख्य सेवक सदन देहरादून में बिजनेस उत्तरायणी संस्था द्वारा आयोजित Manthon–2025: 5जी National Leader's Summit कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समिट महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप, आत्मनिर्भरता एवं अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया।

**उद्घाटन**

हरिद्वार जिलाधिकारी मयूर दीक्षित व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने आज पुलिस लाइन रोशनाबाद परिसर में नव निर्मित लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। लाइब्रेरी सीएसआर योजना के अंतर्गत वी एण्ड गार्ड कंपनी के सहयोग से निर्मित की गई है। लाइब्रेरी में अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन का अवसर मिल सकेगा। यह पहल बच्चों की अध्ययनशीलता बढ़ाने वालों तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**निरीक्षण**

उत्तराखंड शासन के पर्यटन एवं ग्राम्य विकास सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने आज चम्पावत स्थित चाय बागान का निरीक्षण कर चाय पर्यटन सर्किट की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण में उन्होंने स्वदेश दर्शन के दूसरे चरण के तहत विकसित हो रही परियोजना की जमीनी हकीकत को परखा और पर्यटन संभावनाओं पर अधिकारियों से चर्चा की।

सचिव ने बागान क्षेत्र में निर्माणाधीन कॉटेज, प्रस्तावित पर्यटन ढांचे के कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चम्पावत की प्राकृतिक पहचान को बनाए रखते हुए पर्यटन विकास किया जाना चाहिए, जिससे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे।

**प्रवेश**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में देहरादून जिला प्रशासन ने भिक्षावृत्ति से रेस्क्यू किए गए 27 बच्चों को इंटेंसिव केयर सेंटर से विभिन्न स्कूलों में प्रवेश दिलाया। प्रशासन ने अब तक भिक्षावृत्ति, बालश्रम व कूड़ा बीनने में संलिप्त 267 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है, जिनमें से 154 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है।

देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाधिकारी सविन बंसल ने बच्चों को स्टेशनरी व स्कूल यूनिफॉर्म प्रदान की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि समाज में अनेक ऐसे परिवार हैं जो किसी कारणवश मुख्यधारा से वंचित परिवारों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

**निरीक्षण**

हरिद्वार जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने राशन की दुकानों में अनियमितता की प्राप्त हो रही शिकायतों कां संज्ञान लेते हुए दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। जिसके अनुपालन में जिला स्तरीय अधिकारियों ने उनको आवंटित ग्राम पंचायतों में सौ सरकारी सस्ते गल्ले राशन की दुकानों का निरीक्षण किया। जिसकी निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की गई थी।

इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी श्याम आर्य ने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारियों ने सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों का निरीक्षण किया, जिसमें 100 दुकानों का निरीक्षण किया

गया। जिसमें से 35 दुकानों का संचालन सही पाया गया जबकि 65 दुकानों में अनियमितता पाई गई। जिनको कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया है।

## प्रभाग दिवस

बागेश्वर जिले में वन विभाग ने प्रभाग कार्यालय में प्रभाग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्न ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने वन एवं पर्यावरण से जुड़ी गंभीर समस्याओं के साथ ही जंगली जानवरों के आतंक ने निजात दिलाने की मांग की। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि वन विभाग का उद्देश्य है कि आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका समाधान किया जाए।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह कार्यक्रम सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण होगा।